बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-310
09/09/2019

मुख्यमंत्री के समक्ष बोधगया को आइकोनिक टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किये जाने के संबंध में प्रस्तुतीकरण

पटना, 09 सितम्बर 2019 :– 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष भारत सरकार द्वारा बोधगया को आइकोनिक टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किये जाने के निर्णय के आलोक में विभिन्न स्तरों पर हुये विचार–विमर्श एवं तैयार कार्ययोजना के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया गया।

प्रस्तुतीकरण के क्रम में यह जानकारी दी गयी कि भारत सरकार ने देश में कुल 16 स्थानों को आइकोनिक टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है, जिसमें बोधगया भी शामिल है। मुख्यमंत्री को बोधगया के डेवलपमेंट प्लान विजन, वर्ल्ड क्लास एकोमोडेशन एवं अन्य योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गयी।

प्रस्तुतीकरण के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि बोधगया को अगर कहीं प्रदर्शित करना है तो उसके लिये महाबोधि मंदिर के अंदर की बुद्ध की मूर्ति या बोधिवृक्ष से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि हमलोग पहले से ही बोधगया को बेहतर बनाने में लगे हैं, उसके लिये कई काम किये गये हैं। मंदिर को सुरक्षित बनाये रखने के लिये चहारदीवारी को ठीक किया गया और मंदिर परिसर की अनावश्यक चीजों को हटाया गया है। बोधगया भगवान बुद्ध की ज्ञान प्राप्ति का स्थल है तो राजगीर में कई वर्षों तक रहकर उन्होंने उपदेश दिया। वैशाली भी भगवान बुद्ध से जुड़ा हुआ एक महत्वपूर्ण स्थल है। हमलोग बोधगया, राजगीर और वैशाली को आपस में लिंक करने के लिये काम कर रहे हैं। हम बोधगया में बाहर से आने वाले बौद्ध भिक्षुओं एवं पर्यटकों के पहुँचने एवं उन्हें हर सुविधा देने के लिये काम कर रहे हैं। बोधगया में आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। बोधगया में महाबोधि कल्चरल केन्द्र बनाया जा रहा है। वहॉ दो हजार क्षमता का ऑडिटोरियम होगा। स्टैंडर्ड गेस्ट हाउस भी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार इस योजना को बेहतर ढ़ंग से क्रियान्वित करने के लिये स्थल निरीक्षण आवश्यक है, जिससे आइडिया समझने में और सहुलियत होगी और हमें भी आपको आइडिया देने में सहजता होगी। स्थल पर जाकर प्रोजेक्ट बनाना व्यावहारिक होगा। हमलोग इस ढ़ंग से काम करें कि उसका बेहतर परिणाम दिखे। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही स्थल निरीक्षण के लिये एक तिथि निर्धारित की जायेगी।

बैठक में पर्यटन मंत्री श्री रमेश कुमार ऋषि, मुख्यमंत्री के परामर्शी श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, विकास आयुक्त श्री अरूण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, प्रधान सचिव पर्यटन श्री उदय सिंह कुमावत, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, अपर सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय श्री चन्द्रशेखर सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

******